आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार : 01.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है ताकि देश पर वैश्विक परिस्थितियों का ज्यादा प्रभाव न पड़े।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रुद्रपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।
- विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट आज से पर्यटकों के लिए खोले गए।
- राज्य में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू।

आर.बी.आई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है ताकि देश पर वैश्विक परिस्थितियों का ज्यादा प्रभाव न पड़े। प्रधानमंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुम्बई में आयोजित समारोह में कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में बडा बदलाव आया है और यह शोध का विषय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में उनकी सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के कारण बैंकिंग क्षेत्र लाभ की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार के लिए साढे तीन लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर–निष्पादित संपत्ति जो 2018 में लगभग 11 दशमलव दो पांच प्रतिशत थी, वह पिछले साल सितंबर तक गिरकर तीन प्रतिशत से भी कम रह गई। श्री मोदी ने कहा कि दोहरी–बैलेंस शीट की समस्या अब अतीत की बात हो गयी है और बैंक अब 15 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिज़र्व बैंक ने एक अप्रैल 1935 को कार्य करना शुरू किया था।

प्रधानमंत्री दौरा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तराखण्ड में भाजपा के चुनावी प्रचार अभियान को तेजी देने के लिए पहुंच रहे हैं। उनका उधमसिंह नगर के रूद्रपुर में भाजपा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के प्रधानमंत्री के उत्तराखंड चुनावी दौरे पर सवाल करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री ने प्रदेश की जनता से अनेकों वायदे किये थे और जनता ने उनपर विश्वास जताते हुए राज्य के पांचों लोकसभा क्षेत्रों से उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताकर भेजा था, लेकिन जनता को किए गए वे सभी वायदे पूरे नही हुए। करन माहरा ने कहा कि अंकिता हत्याकांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार ने चुप्पी साधी हुई है। इस पर प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि अबतक तुष्टिकरण की राजनीति करती रही कांग्रेस दांव उल्टा पड़ने पर अब ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटी अंकिता के नाम पर राजनीति कर रही कांग्रेस को जनता उसकी तथाकथित यात्राओं में आइना दिखा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में उत्तराखण्ड में विकास के सभी कार्य जनता के समक्ष में हैं। श्री चौहान ने कहा कि जनता का प्रधानमंत्री मे भरोसा पहले से अधिक बढ़ा है और सरकार ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरकर इसे साबित भी किया है।

भाजपा / कांग्रेस

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी है। भाजपा अपनी उपलब्धियां जनता के बीच रख रही है, वहीं कांग्रेस मंहगाई, बेरोजगारी सहित कई अन्य मुद्दों पर सरकार के विफल रहने का आरोप लगा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने आज देहरादून में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे विश्व में देश का नाम हुआ है। उन्होंने कहा कि जो कार्य पिछले पचास वर्षों में कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई, वह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में करके दिखाया है।
उधर, प्रदेश कांग्रेस भी राज्य में लोकसभा की पाँचों सीटें जीतने का दावा कर रही है। पाटी के प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा है कि भाजपा ने विकास से ज्यादा जुमले छोड़े हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चमोली जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इस दौरान, स्वीप कर्मियों ने मतदाताओं से बातचीत कर लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाताओं को मतदान दिवस पर वोट डालने की शपथ भी दिलाई। वहीं, दूसरी ओर दिव्यांग जागरूकता रथ के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया गया।

## मतदान अभियान

चंपावत में लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। विकासखंड पाटी के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र गोलडांडा, कलियाधूरा और बिनवाल गांव क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ जिला कार्यालय सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर उनकी समस्याओं सुना और उनसे आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। इधर, सभी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के आश्वासन पर अपने मतदान न करने बहिष्कार के निर्णय को वापस ले लिया है। इससे पहले, ग्रामीणों ने क्षेत्र में मुख्य रूप से सड़क सुविधा की मांग करते हुए लोकसभा चुनाव बहिष्कार की घोषणा की थी।

## वेबकास्टिंग

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए चंपावत जिले के 3 सौ 44 मतदान केंद्रों में से 1 सौ 72 केंद्रों में मतदान के दिन वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसे लेकर निर्वाचन में लगे वेबकास्टिंग कार्मिकों को पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान निर्वाचन आयोग से चयनित कार्मिकों को वेबकास्टिंग और कैमरों के संचालन की सैद्धांतिक व व्यवहारिक जानकारी दी गयी।

## पोस्टल बैलेट वोटिंग

लोकसभा चुनाव में प्रवासी मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी प्रवासी मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं। इससे प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्य अथवा नगर जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रवासी मतदाता अपने वर्तमान निवास स्थल पर संबंधित ईआरओ कार्यालय में जाकर संबंधित तीन डॉक्यूमेंट जमा कराकर, मतदान करने की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रशिक्षण

लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के 4 हजार एक सौ 76 मतदान कर्मियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को निर्वाचन की बारीकियां बताई जाएंगी। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल को सल्ट विधानसभा क्षेत्र और पिंक बूथ में तैनात 376 कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में दिया जाएगा, जबकि द्वाराहाट विधानसभा में तैनात 3 सौ 28 कार्मिकों को उदयशंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## गंगोत्री नेशनल पार्क

उत्त्तरकाशी जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट आज से पर्यटकों के लिए खोल दिए गए हैं। इससे पर्यटक अब अब गर्तांगली, नेलांग और गोमुख तपोवन की सैर कर सकेंगे। हालांकि गंगोत्री और गौमुख के बीच कई स्थानों पर बड़े हिमखण्ड होने के कारण आवाजाही काफी कठिन है और केवल पर्वतारोही पर्यटकों को ही गोमुख तपोवन जाने की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि एक हज़ार पांच सौ 53 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले गंगोत्री नेशनल पार्क, विशेषकर हिम तेंदुओं के लिए पहचाना जाता है। इस पार्क में भूरा भालू, काला भालू, भरल, अगराली भेड़, लाल लोमड़ी सहित कई वन्यजीव पाए जाते हैं।

## झण्डा मेला

देहरादून के एतिहासिक श्री झंडे मेले के आरोहण के तीसरे दिन आज परम्परा के अनुसार नगर परिक्रमा का आयोजन किया गया। श्री दरबार साहिब के महंत देवेंद्र दास महाराज की अगुआई में संगतों ने नगर की परिक्रमा की। नगर परिक्रमा में 25 हजार से अधिक संगत शामिल हुई।

सिलेण्डर दाम में कमी

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिए हैं। इनमें अलग–अलग शहरों में 30 से 32 रूपये तक की कटौती की गई है।

प्रवेश प्रक्रिया

राज्य में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। आवेदन 20 अप्रैल तक किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवेश उन बच्चों के लिए खुला है जो आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, दिव्यांग व ऐसे बच्चे जो विधवा अथवा तलाकशुदा माता पर आश्रित हैं और जिनके परिवार की वार्षिक आय 80 हजार से कम है।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी से आज रात साढे नौ बजे प्रसारित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम– पब्लिक स्पीक का विषय रहेगा– आयकर रिटर्न प्रक्रिया का सरलीकरण। आयकर आयुक्त धर्मवीर सिंह श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर देंगे। श्रोता आयकर रिटर्न भरने, नई और पुरानी कर प्रणाली और अन्य संबंधित विषयों को लेकर प्रश्न पूछ सकते हैं। टेलीफोन नम्बर 0 1 1 – 2 3 4 2 1 0 5 0 , 2 3 3 1 4 4 4 4. तथा व्हाट्सअप नम्बर – 9 2 8 9 0 9 4 0 4 4. पर सवाल पूछे जा सकते हैं।